नामांक Roll No.

No. of Questions — 23
No. of Printed Pages — 3

SS—06–1—Pub. Adm. I (D & D)

उच्च माध्यमिक (मूक-बधिर) परीक्षा, 2011

वैकल्पिक वर्ग I — कला (OPTIONAL GROUP I — Humanities)

लोक प्रशासन — प्रथम पत्र

(लोक प्रशासन के सैद्धान्तिक आधार)

PUBLIC ADMINISTRATION — First Paper

समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 60

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं। प्रश्न क्रमांक **22** व **23** में आन्तरिक विकल्प हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिस प्रश्न के एक से अधिक समान अंक वाले भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें।
5. प्रश्न क्रमांक **1** के चार भाग (**i, ii, iii** तथा **iv**) हैं। प्रत्येक भाग के उत्तर के चार विकल्प **(अ, ब, स** एवं **द**) हैं। सही विकल्प का उत्तराक्षर उत्तर-पुस्तिका में निम्नानुसार तालिका बनाकर लिखें :

प्रश्न क्रमांक	सही उत्तर का क्रमाक्षर
1. (i)	
1. (ii)	
1. (iii)	
1. (iv)	

1. (i) विकास प्रशासन की अवधारणा के प्रतिपादक माने जाते हैं

   (अ) फ्रेड रिग्ज (ब) फैरल हेडी

   (स) एडवर्ड वीडनर (द) विलियम वुड । $\frac{1}{2}$

   (ii) तुलनात्मक लोक प्रशासन बल देता है

   (अ) पारिस्थितिकीय कारकों पर (ब) सामान्यीकरण पर

   (स) अनुभवमूलकता पर (द) इनमें से सभी पर । $\frac{1}{2}$

   (iii) खाली पद को भरने के लिये योग्य व्यक्ति को आकर्षित करने के लिये होती है

   (अ) नियुक्ति (ब) भर्ती

   (स) कार्य-प्रदर्शन (द) सिफारिश । $\frac{1}{2}$

   (iv) निम्नलिखित में से कौन-सी प्रशिक्षण की पद्धति नहीं है ?

   (अ) व्याख्यान (ब) लिखित परिपत्र

   (स) अधिसभा (द) परीक्षा । $\frac{1}{2}$

निर्देश : प्रश्न संख्या **2** से **5** तक प्रत्येक का उत्तर एक शब्द / पंक्ति में दीजिये ।

2. किन्हीं दो विकासशील देशों के नाम लिखिये । 1
3. सेवाकालीन प्रशिक्षण का प्राथमिक उद्देश्य क्या है ? 1
4. बजट शब्द की उत्पत्ति किस भाषा के, कौन-से शब्द से मानी जाती है ? 1
5. भारत में वित्तीय वर्ष किस माह से किस माह तक माना जाता है ? 1

निर्देश : प्रश्न संख्या **6** से **11** तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम दो पंक्तियों में दीजिये ।

6. लोक प्रशासन विषय के उद्‌भव एवं विकास के चतुर्थ चरण को 'पहचान की संकट का काल' क्यों कहा जाता है ? 2
7. शास्त्रीय सिद्धान्त विचारधारा की कोई दो मान्यताएँ बताइये । 2

8. मार्सटिन मार्क्स द्वारा बताए गए नौकरशाही के प्रकार बताइये । 2

9. विकास प्रशासन के कोई चार प्रमुख लक्षण बताइये । 2

10. अप्रत्यक्ष भर्ती के कोई दो दोष बताइये । 2

11. प्राक्कलन (अनुमान) समिति का क्या कार्य है ? 2

निर्देश : प्रश्न संख्या **12** से **21** तक के उत्तर प्रत्येक अधिकतम **7-8** पंक्तियों में दीजिये ।

12. नव लोक प्रबन्ध क्या है ? विस्तार से समझाइये । 3

13. नवीन लोक प्रशासन की शुरुआत किन घटनाओं से दुई ? समझाइये । 3

14. टेलर के वैज्ञानिक प्रबन्ध का दर्शन क्या है ? 3

15. मैक्ग्रेगर के 'सिद्धान्त-एक्स' की व्याख्या कीजिये । 3

16. तुलनात्मक लोक प्रशासन के उदेश्यों का वर्णन कीजिये । 3

17. विकासशील देशों की प्रशासन से सम्बन्धित समस्याओं को स्पष्ट कीजिये । 3

18. शास्त्रीय विचारधारा और मानव सम्बन्ध विचारधारा में अन्तर कीजिये । 3

19. भारत में भर्ती पद्धति के दोष बताइये । 3

20. जनसम्पर्क के आधुनिक साधनों का उल्लेख कीजिये । 3

21. जनसम्पर्क में विज्ञापन के महत्व को स्पष्ट कीजिये । 3

निर्देश : प्रश्न संख्या **22** तथा **23** प्रत्येक का उत्तर लगभग **200** शब्दों में दीजिये ।

22. एक सफल नेता के गुणों का वर्णन कीजिये । 6

अथवा

संगठन में सम्प्रेषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सम्प्रेषण के प्रकार स्पष्ट कीजिये । 6

23. वित्त पर संसदीय नियंत्रण की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिये । 6

अथवा

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की स्थिति और शक्तियों का वर्णन कीजिये । 6